an>

Title: Regarding alleged irregularities in Ujjawla Yojana in Akbarpur in Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): महोदया, आपने शून्य प्रहर में बोलने का मौका दिया इसके लिए आपका धन्यवाद। गरीबों के मसीहा माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा जो भारत उज्जवला गैस सयोजना की शुरूआत की गई है, वह ग्रामीण महिलाओं के लिए एक बहुत बड़ा योगदान है। किंतु मेरा आपसे निवेदन है कि इस योजना में बहुत सी मूलभूत कमियां रह गई हैं। एक तो उत्तर प्रदेश की सन् 2011 की जो बीपीएल सूची है, उसको पुनः पुनरिक्षण कराए जाने की आवश्यकता है। उस समय बहुत से लोग छूट गए हैं। उन पात्रों को भी उसमें शामिल कराया जाए।

दूसरा, आज इस योजना में जिन लोगों को लाभ मिलना चाहिए, उन लोगों से वहां के स्थानीय अधिकारी और उनकी एजेंसियों के लोगों की मिलीभगत के द्वारा अवैध पैसे की वसूली की जाती है। मैं इस संबंध में पहले भी आपको शिकायत आपके माध्यम से यहां दर्ज कर चुका हूं एवं उनको भी लिखित रूप से दिया गया है। इस संबंध में हमारे कानपुर देहात के मैथा विकास खण्ड के भंवरपुर गांव में 5300 की आबादी और 1600 मतदाता हैं, लेकिन मात्र बीस लोगों को रखा गया है और तीन-चार एजेंसियों के नाम भी मैं आपको बताना चाहता हूं - अंशिका स्टेट एजेंसी - मड़ौली, वैÂणों गैस एजेंसी - धनीरामपुर, विशाल गैस वितृक - तिउली, इनके द्वारा लोगों से अवैध वसूली की जाती है। अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मेरा आपसे निवेदन है कि इसमें संज्ञान लेने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री देवेन्द्र सिंह भोले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।